भोपाल हेडलाइंस

RNI: MPHIN/2023/88510

संपादकः- संतोष योगी वर्ष-02 अंक-01 भोपाल, शुक्रवार 11 अप्रैल 2025 ईमेलः-santoshyogi755@gmail.com पृष्ठ-8 मूल्य 2 रुपया मो. 9993268143

डॉ. मनोरंजन मोहंती भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान के निदेशक नियुक्त

संतोष योगी की खबर 999326814
भोपाल हेडलाइन

आईसीएआर-भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान देश का प्रमुख संस्थान है जो 16 अप्रैल 1988 को स्थापित हुआ है। परिषद ने हाल ही में डॉ. मनोरंजन मोहंती को इस संस्थान का नया निदेशक नियुक्त किया है। डॉ. मनोरंजन मोहंती का जन्म कटक (ओडिशा, भारत) में हुआ है। उन्होंने अपनी कॉलेज की शिक्षा सरकारी कॉलेज, राउरकेला से पूरी की; स्नातक ओयूएटी, भुवनेश्वर से; भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली से परास्नातक और क्वींसलैंड विश्वविद्यालय, सेंट लुसिया, ऑस्ट्रेलिया से पीएचडी की। उन्होंने 10 नवंबर 1999 को वैज्ञानिक के रूप में अपना करियर शुरू किया और 15 मई 2000 को आईसीएआर-भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान, भोपाल में पदस्थ हो गए। उन्होंने 9 मार्च 2022 को वैज्ञानिक %जी%/सलाहकार के रूप में भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के कार्यालय में जाने से पहले आईसीएआर-आईआईएसएस, भोपाल में विभिन्न पदों पर काम किया। उन्हें कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया हैं, जैसे 2006 में इंडियन सोसाइटी ऑफ प्लांट फिजियोलॉजी (आईएसपीपी), नई दिल्ली द्वारा एडवांसमेंट ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेस (एएएस) यंग साइंटिस्ट अवार्ड; 2008 में इंडियन सोसाइटी ऑफ सॉइल साइंस (आईएसएसएस), नई दिल्ली का गोल्डन जुबली कमेमोरेशन यंग साइंटिस्ट अवार्ड; 2006 में ऑस्ट्रेलियन काउंसिल फॉर इंटरनेशनल एग्रीकल्चरल रिसर्च (एसीआईएआर) कैनबरा से जॉन ऑलराइट फेलोशिप; 2013 में फर्टिलाइजर एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएआई) गोल्डन जुबली अवार्ड फॉर एक्सीलेंस, इंडियन सोसाइटी ऑफ सॉइल साइंस, नई दिल्ली से वर्ष 2019 के लिए बारहवां अंतर्राष्ट्रीय कांग्रेस कमेमोरेशन अवार्ड और 2021 में राष्ट्रीय कृषि विज्ञान अकादमी (एनएएएस) का फेलो से सम्मानित किया गया। उन्होंने विभिन्न शोध क्षेत्रों में कार्य किया हैं, जैसे मृदा विज्ञान, मृदा भौतिकी में विशेषज्ञता, कृषि प्रणाली मॉडलिंग और जलवायु परिवर्तन प्रभाव अध्ययन, भारत में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रबंधन से संबंधित नीति और रुटैग, वन हेल्थ मिशन और भारत-ईयू-टीटीसी जैसी पहल शामिल हैं।

विश्व होम्योपैथी दिवस पर विशेष शिविर

भोपाल के 5 नंबर मार्केट में निःशुल्क होम्योपैथिक परामर्श और उपचार की सुविधा

संतोष योगी की खबर 9993268143

भोपाल में विश्व होम्योपैथी दिवस 2025 और होम्योपैथी के जनक डॉ. हैनिमैन की 270वीं जयंती के अवसर पर एक विशेष आयोजन किया गया है। जिला आयुष अधिकारी डॉ. अंतिम नलवाया के मार्गदर्शन में होम्योपैथी आयुष विंग और जिला जयप्रकाश अस्पताल द्वारा 5 नंबर मार्केट, शिवाजी नगर में निःशुल्क होम्योपैथी शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में चिकित्सकों ने बताया कि होम्योपैथी वर्तमान समय की एक लोकप्रिय चिकित्सा पद्धति है। यह समरूपता के नियम पर आधारित है।

इस उपचार पद्धति की खास बात यह है कि यह शरीर की प्राकृतिक रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाती है। साथ ही बीमारी के मूल कारण को दूर करने पर केंद्रित होती है। शिविर में लोगों को योग के महत्व के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। इस शिविर में डॉ. प्रीति तैलंग (प्रभारी आयुष विंग/होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी), डॉ. अखिलेश राठौर और डॉ. भावना लखेर (होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी) मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इनके अलावा सुधा शिवहरे, जितेन्द्र सिंह दांगी, नीलेश तारे और नेहा वाल्मिकी ने भी शिविर में अपनी सेवाएं प्रदान कीं।

कल पुनल सावरी पाबुन मनाया जायेगा

संतोष योगी की खबर 9993268143

भोपाल हेडलाइन सगा सग्गुम आदिम सामाजिक संस्था भोपाल म.प्र.(इंडिया) के तत्वाधान में सयोंजन समिति गढ़ भोपाल द्वारा आयोजित पुनल सावरी पाबुन कल दिनाँक- 12-04-2025 दिन - शनिवार को शाम 05-00 बजे से अनुसूचित जनजाति कार्यालय पिपलानी में सर्व प्रथम गोंगों के साथ संस्था के पदाधिकारियों के सहयोग से मात्रशक्तियों द्वारा आयोजित पुनल सावरी पाबुन हर्षोल्लास के साथ सहपरिवार मनाया जायेगा यह पर्व में गढ़ भोपाल के साथ-साथ प्रदेश भर के जनजाति समुदाय के सगा पाडियों, मात्रशक्तियों,नन्हे- मुंन्हे प्यारे बच्चों उपस्थित होंगे मुख्य अतिथि के रूप में बालाघाट से तिरुमाय- रमा प्रेम शान्ति तेकाम जी (समाजसेवी) उपस्थित होंगी कार्यक्रम में सामाजिक संगोष्ठी के साथ-साथ मात्रशक्तियों एंव बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी झलकियां देखने को मिलेगी संस्था की ओर से आमंत्रित सभी अतिथियों मात्रशक्तियों एंव सगा पाडियों और नन्हे- मुंन्हे कोया पुंगारों का हार्दिक- हार्दिक स्वागत व अभिनन्दन है ।

सुतिया देवी की पुण्यतिथि पर बालिस्ता रावत ने चित्र पर माल्यार्पण कर किया पुष्पांजलि

भोपाल हेडलाइन भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, भोपाल जिला प्रभारी बालिस्ता रावत ने अपनी माता सुतिया देवी की पुण्यतिथि पर चित्र पर माल्यार्पण कर किया पुष्पांजलि । परिवारजनों तथा क्षेत्रिय नागरिकों ने भी किया पुष्पांजलि

दिगंबर जैन पंचायत कमेटी के नेतृत्व में भगवान महावीर स्वामी की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई

भगवान महावीर स्वामी के सिद्धांत ही मानवता के मार्गदर्शक हैं: भगवानदास सबनानी

संतोष योगी की खबर 99932681433

भोपाल - महावीर जयंती पर भगवान का जन्म कल्याणक श्रद्धा भक्ति भाव के साथ मनाया गया। चौक बाजार से दिगंबर जैन पंचायत कमेटी के नेतृत्व में भगवान की भव्य शोभायात्रा चौक जैन मंदिर से निकली गई जो सुभाष चौक लखेरापुरा जनकपुरी इतवारा बुधवारा एवं मंगलवार से होते हुए श्री जी के मंदिर पहुंची, शोभायात्रा में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी विशेष रूप से उपस्थित रहे, और उन्होंने रथ यात्रा में भगवान के रथ का सारथी बन यात्रा के साथ चले, कार्यक्रम में हजारों की संख्या में जैन समुदाय के बंधु उपस्थित रहे, पंचायत कमेटी के अध्यक्ष मनोज जैन वागा उपाध्यक्ष आलोक जैन पंचरत्न पूर्व अध्यक्ष प्रमोद जैन हिमांशु राकेश जैन अनुपम अमित जैन कड़ियां संजय जैन मुगावली विशेष रूप से उपस्थित रहे, भव्य रथ यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया, अपने जन प्रतिनिधि को भगवान के रथ का सारथी बना देख उनकी भूरी-भूरी प्रशंसा की, ढोल धमाकों की ताल पर नाचते गाते सभी के साथ सबनानी भी भगवान की भक्ति में लीन दिखे, इस अवसर पर श्री सबनानी ने भगवान महावीर स्वामी की आरती उतारी एवं सभी को भगवान महावीर स्वामी की जयंती पर अपनी शुभकामनाएं दी,साथ ही भगवान महावीर स्वामी के सिद्धांतों पर चलना आज की आवश्यकता बताया आज पूरे विश्व में शांति की स्थापना के लिए भगवान महावीर के दिखाए गये मार्ग पर चलना ही पड़ेगा और उनके सिद्धांतों से ही विश्व में शांति की स्थापना हो सकती है। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने भी भगवान महावीर स्वामी के दिखाए गए मार्ग पर चलने के लिए सभी को प्रेरित किया है। शोभा यात्रा बड़े ही पारंपरिक हर्सोल्लास एवं धूमधाम से निकल गई।

कैलाश चंद फुलेरिया को अंतरराष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित किया

भोपाल हेडलाइन समाजसेवी कैलाश चंद्र फूलेरिया

केंद्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन नई दिल्ली राष्ट्रीय मंत्री रक्तदान महादान मित्र मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैलाश चंद्र फुलेरिया मध्य प्रदेश इटारसी जिला पहुंचे वहां पर उन्हें अंतर्राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित किया गया और लौटते वक्त शाहजहांपुर जिले में सांभा जी अध्यक्ष प्रभु लाल मंडोर भीम आर्मी से उन्होंने फुलेरिया को फूल माला पहनकर अंतर्राष्ट्रीय अवार्ड हाथ में देकर फूल माला से सम्मानित किया गया कैलाश चंद्र फुलेरा के कई उत्कृष्ट कार्य करने पर उन्हें बधाई भी दी गई और कहा गया कि आपका मानव सेवा कार्यों को देखते हुए अच्छे हाथ पैर वाले इतना कार्य नहीं कर पाते हैं जो आपने करके दिखाया है धन्यवाद देते हैं आपको कि आप एक दिव्यांग होकर मानव सेवा व रक्त वीरों से रक्तदान करवाते हैं और मानव सेवा भी करते हैं उनके कार्य की जितनी प्रशंसा कीजिए इतनी कम है धन्यवाद जय हिंद जय भारत

आबकारी विभाग ने कार्यवाही में कुल 33 प्रकरण पंजीबद किए

संतोष योगी की खबर 9993268143

भोपाल हेडलाइन कलेक्टर भोपाल, श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह के निर्देश पर सहायक आबकारी आयुक्त भोपाल श्री वीरेंद्र धाकड़ के मार्गदर्शन मे देर रात्रि तक कोलार क्षेत्र एवं नीलबड़,रातीबड़ क्षेत्र के होटल, ढाबों पर आबकारी की टीम ने दबिश दी । दौरान दबिश नटखट रेस्टोरेंट, ट्री चैप्टर,वाइट आर्किड,बेसिल,वन माल्ट,कंट्री साइड मिडोज,हाइड आउट आदि होटल/ ढाबों पर तलाशी ली गई। अवैध स्थल पर मदिरापान करने वालों पर एवं इन होटल ढाबों के संचालकों/मालिकों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किए । कार्यवाही में कुल 33 प्रकरण पंजीबद किए ।एक अन्य कार्यवाही में दिन के समय कलखेड़ा में आरोपी राजा कश्तवार के कब्जे से 25 पाव देशी मदिरा जप्त कर प्रकरण दर्ज किया ।वहीं कल देर रात को रातीबड़ क्षेत्र के गुरु होटल पर उपनिरीक्षक श्रीमती वर्षा उईके ने टीम सहित दबिश दी जहां से 6 महंगी शराब की बोतल एवं लगभग 4 पेटी बीयर की जप्त कर संचालक के विरुद्ध विधिवत प्रकरण कायम किया । कार्यवाहीयों में समस्त आबकारी अधिकारी/स्टाफ उपस्थित रहा ।ऐसी कार्यवाहियां लगातार जारी रहेगी ।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भोपाल

भोपाल हेडलाइन माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश महोदय श्रीमान मनोज कुमार श्रीवास्तव सर के मार्गदर्शन मे एवं नोडल अधिकारी नेशनल लोक अदालत माननीय विशेष न्यायाधीश महोदय श्रीमान राजर्षि श्रीवास्तव सर एवं सचिव महोदय श्री सुनीत अग्रवाल सर की उपस्थिति में दिनांक 09/04/2025 को आगामी नेशनल लोक अदालत दिनांक 10 मई 2025 के सफल आयोजन हेतु न्यायालयों में लंबित क्लेम प्रकरणों के निराकरण हेतु बीमा कंपनी अधिकारीगण, अधिवक्तागण एवं क्लेमेंट अधिवक्तागण के साथ संबंधित न्यायाधीशगण एवं नोडल अधिकारीगण की उपस्थिति में प्री- सीटिंग बैठक का आयोजन किया गया।

19वीं शदी के युग पुरुष महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर विशेष

सामाजिक समरसता के स्तंभ आधार- महात्मा ज्योतिबा फुले

संतोष योगी की खबर 9993268143

भोपाल हेडलाइन सामाजिक क्रांति के अग्रदूत, समाज सुधारक, शिक्षाविद, चिंतक,लेखक और दार्शनिक सामाजिक समरसता के स्तंभ आधार महात्मा महात्मा फुले का जन्म 11 अप्रैल 1827 को महाराष्ट्र के सतारा में हुआ था। ज्योतिबा फुले बचपन से ही सामाजिक समदर्शी तथा होनहार मेधावी छात्र थे, आर्थिक कठिनाइयों के कारण फुले को बाल्यकाल में ही विद्यालय छोड़ने के लिए विवस कर दिया। वर्ष 1841 में पुन ः फुले ने पुणे के स्कॉटिश मिशन स्कूल में प्रवेश लेकर अपनी पढ़ाई पूरी की। बचपन मे ही फुले का विवाह सावित्रीबाई से हो गया। नारी शिक्षा प्रतिबंधित होने के कारण ज्योतिबा फुले ने अपनी पत्नी सावित्रीबाई फुले को घर पर ही पढ़ना-लिखना सिखाया। इसके बाद 01 जनवरी, 1848 को पुणे में बालिकाओं के लिए विद्यालय प्रारंभ कर नौ बालिकाओं को प्रवेश दिलाया तथा 17 वर्ष की सावित्रीबाई फुले भी शिक्षण कार्य करने की जिम्मेदारी सौंपी। महात्मा ज्योतिबा फुले एवं सावित्रीबाई फुले ने मिलकर वर्ष 1851 मे तीन विद्यालयों की स्थापना की गई। इस दौरान उन्होंने विधवा महिलाओं के लिए आश्रम खुलवाया, तथा विधवा पुनर्विवाह की प्रथम स्थापित की। महात्मा ज्योतिबा फुले एक अच्छे समाज सुधारक के साथ-साथ लेखक भी थे, उन्होंने गुलाम गीरी, किसान का कोड़ा जैसे महत्वपूर्ण पुस्तकें लिखी।

सत्यशोधक समाज का गठन

सदियों से चली आ रही सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने के लिए समाज को संगठित किया । फुले द्वारा वर्ष 1873 में 'सत्यशोधक समाज' की स्थापना की गयी। सत्यशोधक समाज का गठन मुंबई , पुणे मे भी किया गया।ज्योतिबा फुले के कार्यों से प्रभावित होकर समाज सुधारक विट्ठलराव कृष्णाजी वंदेकर ने उन्हें महात्मा की उपाधि दी। वर्ष 1878 में वायसराय लॉर्ड लिटन ने वर्नाक्यूलर एक्ट नामक एक कानून पास किया। इसके तहत प्रेस की आजादी को भंग कर दिया गया था। उस दौरान सत्यशोधक समाज दीनबंधु नामक एक समाचार पत्र निकालता था। यह अखबार भी इस कानून की चपेट में आया। 63 वर्ष की आयु मे 28 नवंबर, 1890 को महान समाज सुधारक , लेखक, चिंतक,विचारक , सामाजिक समरसता के सूत्रधार 19वीं शदी के युग पुरुष का देहावसान हुआ।

अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन मध्य प्रदेश की बैठक हुई माधव सिंह अहिरवार दूसरी बार प्रदेश अध्यक्ष बने

संतोष योगी की खबर 9993268143

भोपाल हेडलाइन मुख्य अतिथि श्री सुखदेव जी महाराज राष्ट्रीय अध्यक्ष भारत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे मध्य प्रदेश के लगभग 18 जिले के लोग मीटिंग में उपस्थित रहे और सभी ने सर्व सहमति से माधव सिंह अहिरवार जी को दूसरी बार प्रदेश अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव रखा जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव महाराज जी ने अंतिम मोर लगाकर सभी के निर्णय को स्वीकार किया मीटिंग में मुख्य रूप से उपस्थित इंदौर टी आर पगारे जी धन्नालाल जुड़वाल जी बालाघाट से यशवंत कन्नौज जबलपुर से मूलचंद मौर्य जी भोपाल से राधाकृष्ण दास जी सेवक दास जी प्रताप सिंह विनोद जोर जी इंजीनियर दिनेश अहिरवार जी बाबूलाल भारती जी लगभग सभी जिले के लोगों ने मीटिंग में उपस्थित देखकर मीटिंग को सफल बनाया